# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई-न्यूजलेटर

## फरवरी 2024




Shri Anil Kumar Lahoti, Former Railway Board Chairman and CEO has taken charge as Chairman, TRAI at TRAI Headquarter, New Delhi

**रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री अनिल कुमार लोहाटी ने भादूविप्रा मुख्यालय, दिल्ली में भादूविप्रा के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है।**

# सेमिनार

**क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद द्वारा दिनांक 4 जनवरी 2024 को गांधीनगर में "5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी" पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।**






भादूविप्रा द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2024 को चेन्नई, तमिलनाडु में "5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी, परिनियोजन चुनौतियां, उपयोग के मामले और नेटवर्क सुरक्षा" पर एक सेमिनार आयोजित किया गया ।

श्री बी. प्रवीण कुमार, आईटीएस, सलाहकार, भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद के स्वागत भाषण से सत्र की शुरुआत हुई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और देश में दूरसंचार क्षेत्र के विकास और इसे बढ़ावा देने में भादूविप्रा की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बेहतर गति, कम विलंबता और कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों के संबंध में 5जी प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने 5जी प्रौद्योगिकी को अपनाने के दौरान सुरक्षा के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने भारत सरकार को भादूविप्रा के नियमों और अनुशंसाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समावेशी डिजिटल भारत के लिए प्रौद्योगिकी आम आदमी तक पहुंचनी चाहिए।

श्री सैयद तौसीफ अब्बास, आईटीएस, प्रधान सलाहकार (बी एंड सीएस), भादूविप्रा, नई दिल्ली ने सम्मानित अतिथि के रूप में सेमिनार को संबोधित किया और 5जी प्रौद्योगिकी के महत्व और विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग के मामलों के बारे में बताया और उल्लेख किया कि भारत में अब तक 5जी के लगभग 400,000 बेस स्टेशन लगाये गए हैं। उन्होंने फिक्स्ड वायरलेस प्रौद्योगिकी (एफडब्ल्यूटी) के उपयोग के महत्व का भी उल्लेख किया।

श्री अवधेश कुमार, प्रधान सीसीए, दूरसंचार विभाग (डीओटी), तमिलनाडु एलएसए, चेन्नई ने सभा को संबोधित किया और उन्होंने बताया कि 5जी ने हमारे सोचने और कार्य करने के तौर-तरीके को कैसे बदल दिया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कैसे 5जी ने नए उद्यमों को जोड़कर और नए अनुप्रयोगों के नवाचार से उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाया।

श्री एस.पार्थीबन, आईटीएस, डीडीजी (ग्रामीण), डीओटी, तमिलनाडु एलएसए ने भाग लिया और मुख्य भाषण दिया। उन्होंने 5G नेटवर्क के तेजी से रोलआउट और केबल आदि बिछाने के लिए मार्ग का अधिकार (राइट ऑफ वे) अनुमति के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) अनुमतियों के शीघ्र प्रावधान हेतु स्थानीय निकायों और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए दूरसंचार विभाग के "गति शक्ति" पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया।

उक्त सेमिनार में, श्री सैयद तौसीफ अब्बास, आईटीएस, प्रधान सलाहकार (बी एंड सीएस), भादूविप्रा, नई दिल्ली ने भी भादूविप्रा के परिप्रेक्ष्य से "5जी प्रौद्योगिकी, विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के मामले" पर अपनी प्रस्तुति दी। श्री ब्रजेन्द्र कुमार, आईटीएस, सलाहकार, भादूविप्रा, बेंगलुरु ने "5जी नेटवर्क में सटेलाइट के एकीकरण" पर प्रस्तुति दी। श्री गोविंदन रामलिंगम, डिप्टी सीटीओ, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, तमिलनाडू, श्री सुरेश कुमार इंजुमुरी, आरएएन प्रमुख, भारती एयरटेल लिमिटेड, तमिलनाडु ने सेवा प्रदाताओं के परिप्रेक्ष्य में "5जी के परिनियोजन संबंधी चुनौतियों और उपयोग के मामलों" पर प्रस्तुति दी। श्री चक्रपाणि काकुमनु, रेडियो बिक्री समाधान प्रबंधक, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, श्री जगदीप वालिया, महाप्रबंधक-प्रौद्योगिकी और सुरक्षा परामर्श, एरिक्सन इंडिया ने भी उद्योग के दृष्टिकोण से अपनी प्रस्तुति दी। श्री आर बाबू श्रीनिवास कुमार, डीडीजी (एससी एंड मुख्यालय), एनसीसीएस, बेंगलुरु ने "5जी नेटवर्क सुरक्षा मानक, परीक्षण और प्रमाणन" पर प्रस्तुति दी। श्री सुधाकर एस., डीडीजी (टेक्नोलॉजी), डीओटी, तमिलनाडु एलएसए ने "सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली-आवश्यकताएँ और लेखापरीक्षा" पर प्रस्तुति दी। श्री राधा कृष्ण गंती, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी मद्रास ने "5जी टेस्टबेड्स और लर्निंग की शुरुआती" पर प्रस्तुति दी।

सेमिनार में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने कार्यवाही के माध्यम से जानकारी प्राप्त की और यह देश में 5जी प्रौद्योगिकी और नेटवर्क सुरक्षा की तैनाती को उजागर करने में एक महत्वपूर्ण कदम था।

प्रत्येक सत्र के बाद, प्रतिभागियों के प्रश्नों के लिए स्पष्टीकरण दिया गया तथा कार्यक्रम का समापन श्री के.वी. सुरेश बाबू, संयुक्त सलाहकार, भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ।

**क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2024 को चेन्नई में "साइबर सुरक्षा और साइबर स्पेस में उभरते खतरे" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।**









जीएनएलयू गांधीनगर, गुजरात में भादूविप्रा द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2024 को "साइबर सुरक्षा और साइबर स्पेस में उभरते खतरे" विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। श्री एस.एस. चांडक, सलाहकार, भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिष्ठित अतिथियों और उद्योग विशेषज्ञों ने विषय वस्तु पर व्याख्यान दिए।

गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री एस.जी.शाह इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे। प्रो. (डॉ.) एस. शांताकुमार, निदेशक, जीएनएलयू, श्री ए.के. सोमानी, अतिरिक्त डीजीटी, गुजरात एलएसए डीओटी, श्री संदीप सावरकर, मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल गुजरात विशेष अतिथि के रूप में सेमिनार में भाग लिए।

एनएफएसयू के स्कूल ऑफ साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फोरेंसिक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निलय मिस्त्री ने "साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक में उभरते रुझान" पर प्रस्तुति दी।

श्री जयपाल सिंह तोमर, सलाहकार (क्यूओएस), ट्राई, नई दिल्ली ने "दूरसंचार धोखाधड़ी का मुकाबला: चुनौतियां और सरकारी पहल" पर प्रस्तुति दी।

डॉ. चिंतन पाठक, अधिवक्ता और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, सूरत ने "इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की हैंडलिंग और स्वीकार्यता" पर प्रस्तुति दी।

श्री नवीन जाखड़, एडीजी (एआई एवं डीआईईयू), दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली ने "साइबर सुरक्षा एवं खतरों की रोकथाम के लिए उभरती प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने" पर अपनी प्रस्तुति दी।

श्री मुकेश चौधरी, सीईओ साइबरवीर टेक्नोलॉजीज, जयपुर ने "जांच के दौरान एलईए के लिए उभरते साइबर अपराध और चुनौतियां" विषय पर प्रस्तुति दी।

सेमीनार धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

**क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2024 को सिलीगुड़ी में "डिजिटल समावेशन: सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तक सार्वभौमिक पहुंच" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।**








भादूविप्रा द्वारा सिलीगुड़ी में दिनांक 12 जनवरी 2024 को "डिजिटल समावेशन: सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तक सार्वभौमिक पहुंच" पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

श्री राजीव कुमार आईपीएस, प्रमुख सचिव आईटी और पश्चिम बंगाल पुलिस के पुलिस महानिदेशक ने मुख्य अतिथि के रूप में सेमिनार की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को संबोधित किया। श्री राजीव कुमार ने अपने मुख्य भाषण में मजबूत दूरसंचार बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सभी हितधारकों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया, जिसे उन्होंने सूचना राजमार्ग की संज्ञा दी।

श्री रॉय एम जैकब, आईटीएस, अपर महानिदेशक, दूरसंचार विभाग, पश्चिम बंगाल एलएसए ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सिक्किम सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री योगेन्द्र शर्मा ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और डिजिटल समावेशन पर भाषण दिया और डिजिटल समावेशन को प्राप्त करने और इस संबंध में आगे के प्रयासों को बेहतर बनाने हेतु केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकार द्वारा अपनाई गई नीतिगत पहलों और अपनाई गई रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

डॉ. एस के सामंता, सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और दूरदराज के क्षेत्रों सहित सभी लोगों पर डिजिटल समावेशन के प्रभाव को समझने के लिए सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

श्री योगेन्द्र शर्मा, सचिव (आईटी) ने अपने भाषण में सिक्किम सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और सिक्किम राज्य में दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क की गुणवत्ता बनाए रखने, डिजिटल कनेक्टिविटी हासिल करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी।

भादूविप्रा मुख्यालय के सलाहकार (सीए एवं आईटी) श्री ए.के. सिंह, आईटीएस द्वारा प्रथम सत्र की अध्यक्षता की गई और प्रख्यात वक्ता डॉ. एस.के. सामंता, मेसर्स एटीएम टावर्स के एमडी और सीईओ श्री चंचल चक्रवर्ती, मालदा मेडिकल कॉलेज की सहायक अधीक्षक सुश्री सोनचरी दास और उपाध्यक्ष श्री मनोज मिश्रा, मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड ने स्वास्थ्य, सार्वजनिक सेवा वितरण में विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों और उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके उद्योग 4.0 की दिशा में डिजिटल परिवर्तन के लिए एमएसएमई द्वारा की जाने वाली पहलों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता श्री महमूद रहमान, आईटीएस, डीडीजी सिक्किम डीओटी, भारत सरकार द्वारा की गई और प्रौद्योगिकी और नेटवर्क के क्षेत्र से प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जैसे जलपाईगुड़ी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर सुभाष बर्मन, श्री अमित आनंद, विनियामक प्रमुख, मेसर्स नोकिया नेटवर्क और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से श्री मलय साहा द्वारा बड़े पैमाने पर आम जनता के लिए किफायती डिजिटल पहुंच प्रदान करने, आम उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बनाए रखने में विभिन्न मुद्दों, बाधाओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वार्ता की गई और दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच आपसी सहयोग और सहभागिता को बढाने पर बल दिया गया।

सेमिनार में दूरसंचार विभाग (डीओटी के अधिकारियों, बीएसएनएल सहित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, उपभोक्ता समूहों, उद्योग संघों, कॉर्पोरेट उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ सामान्य उपभोक्ताओं, छात्रों और उत्तरी बंगाल, बिहार, सिलीगुड़ी और सिक्किम के जिलों के शिक्षाविदों ने भाग लिया।

श्री अमित घोषाल, आईटीएस संयुक्त सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सेमिनार संपन्न हुआ।

# कार्यक्रम

**भादूविप्रा ने नया वर्ष 2024 भादूविप्रा मुख्यालय, नई दिल्ली में मनाया**






# दूरसंचार सब्सक्रिप्शन

**दिनांक 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार दूरसंचार सब्सक्रिप्शन डेटा**

| विवरण | वायरलेस | वायरलाइन | कुल |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 633.44 | 29.12 | 662.56 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 525.05 | 2.72 | 527.77 |
| कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | **1158.49** | **31.84** | **1190.33** |
| समग्र दूरसंचार-घनत्व(%) | 82.95 | 2.28 | 85.23 |
| शहरी सदस्यता का हिस्सा (%) | 54.68 | 91.46 | 55.66 |
| ग्रामीण सब्सक्राइबर्स का हिस्सा (%) | 45.32 | 8.54 | 44.34 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 866.19 | 38.35 | 904.54 |

दिसंबर 2023 में पीक वीएलआर की तारीख पर सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबर 1047.88 मिलियन थे।

दिसंबर 2023 में, 12.44 मिलियन सब्सक्राइबारों द्वारा एमएनपी के लिए अनुरोध किए गए थे। इसके कार्यान्वयन के बाद से दिसंबर 2023 के अंत तक कुल 927.19 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया।

# विविध

1. भादूविप्रा ने दिनांक 2 जनवरी, 10 जनवरी और 23 जनवरी 2024 को डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम (डीएएस) का ऑडिट करने के लिए लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की जिसके माध्यम से माह के दौरान तीन लेखा परीक्षकों मेसर्स जेस्टियन एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स डी. आर. मोहनोट एंड कंपनी और मेसर्स विनय नवीन एंड कंपनी को जोड़ा गया। दिनांक 31 जनवरी 2024 तक डीएएस का लेखापरीक्षा करने के लिए भादूविप्रा द्वारा सूचीबद्ध ऑडिटरों की कुल संख्या 50 है।
2. भादूविप्रा ने सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान बीस शहरों, उनके आसपास के क्षेत्रों और राजमार्गों अर्थात् वेल्लोर, कडपा, बेरहामपुर, तिरुवनंतपुरम, रायगढ़, बेंगलुरु, भागलपुर और मुंगेर, डिब्रूगढ़-शिवसागर-तिनसुकिया, कलिम्पोंग-जलपाईगुड़ी-अलीपुरद्वार, पटना-मुजफ्फरपुर-मोतिहारी, अजमेर और पुष्कर, करनाल, मोगा, कोरबा, सागर, जयपुर-पुष्कर एचडब्ल्यू, पानीपत - अंबाला एचडब्ल्यू, जालंधर-मोगा एचडब्ल्यू, सागर-लखनादान एचडब्ल्यू और कोरबा-रायपुर एचडब्ल्यू में किए गए ड्राइव परीक्षणों पर दिनांक 09.01.2024 को रिपोर्ट जारी की।

वॉयस और डेटा सेवाओं के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा की सेलुलर/मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन करने के लिए ड्राइव परीक्षण आयोजित किए गए थे।

# उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

**ट्राई ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम (सीओपी) का संचालन निम्नानुसार किया:**

| क्र. सं. . | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | पलायम (तिरुवनंतपुरम) | 11 जनवरी 2024 |
| 2 | लखनऊ (उत्तर प्रदेश) | 16 जनवरी 2024 |
| 3 | कुरनूल (आंध्र प्रदेश) | 23 जनवरी 2024 |
| 4 | बिलासपुर (छत्तीसगढ़) | 23 जनवरी 2024 |
| 5 | कारवार (कर्नाटक) | 23 जनवरी 2024 |
| 6 | मेदिनीनगर (झारखंड) | 24 जनवरी 2024 |
| 7 | अमरेली (गुजरात) | 24 जनवरी 2024 |
| 8 | पणजी (गोवा) | 25 जनवरी 2024 |
| 9 | निज़ामाबाद (तेलंगाना) | 30 जनवरी 2024 |

# फोटो गैलरी



**क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2024 को कुरनूल (आंध्र प्रदेश) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2024 को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




**क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2024 को कारवार (कर्नाटक) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया**






**क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2024 को मेदिनीनगर (झारखंड) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**





**क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2024 को अमरेली (गुजरात) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




**क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद द्वारा दिनांक 30 जनवरी 2024 को निज़ामाबाद (तेलंगाना) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

*न्यूजलेटर में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सदस्यता डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।*

*महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली-110002*

*हम फेसबुक पर भी उपलब्ध हैं! हमसे https://www.facebook.com/TRAI/ पर जुड़ें!*

*हम ट्विटर पर भी हैं! हमें TRAI@TRAI पर फॉलो करें*